# मेरठ विकास प्राधिकरण

की

97 वीं बोर्ड बैठक

दिनांक : 25–04–2012

का

# कार्यवृत्त

# मेरठ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 97वीं बैठक दिनांक 25–04–2012 का कार्यवृत्त।

मेरठ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 97वीं बैठक आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ के कैम्प कार्यालय में आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ/अध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 25–04–2011 को सांय 4.00 बजें प्रारम्भ होकर 5.30 बजें सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा सभी उपस्थित मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष एवं निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री तनवीर ज़फ़र अली | उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | उपाध्यक्ष |
| 2. | श्री विकास गोठलवाल | जिलाधिकारी, मेरठ। | सदस्य |
| 3. | श्री राज कुमार | नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ। | सदस्य |
| 4. | श्री विवेक भाष्कर | सहायक नगर नियोजक, मेरठ प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | श्री हितेष कुमार | चीफ को–आर्डिनेटर प्लानर प्रतिनिधि–आयुक्त, एन0 सी0 आर0 गाजियाबाद | सदस्य |
| 6. | श्री एच0एन0शुक्ला | अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ प्रतिनिधि–विशेष सचिव वित्त (व्यय–नियन्त्रण) | सदस्य |
| 7. | श्री यू0के0तायल | अधीक्षण अभियंता, जल निगम, मेरठ। | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | श्री डी0आर0दूबे | उप महा प्रबन्धक, विद्युत नगरीय खण्ड, मेरठ। | सदस्य |
| 9. | डा0 आभा गुप्ता | संयुक्त निदेशक–उद्योग, मेरठ मण्डल, मेरठ। | सदस्य |
| 10. | श्री उमेश मित्तल | अधीक्षण अभियन्ता प्रतिनिधि–संयुक्त आवास आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, मेरठ | सदस्य |
| 11. | श्री विनोद कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, मेरठ | विशेष आमन्त्रित सदस्य |
| 12. | श्री जंग बहादुर यादव | प्रभारी सचिव, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | संयोजक |

## प्राधिकरण की 96वीं बोर्ड बैठक दिनांक 19–12–2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि–

प्राधिकरण की 96वीं बोर्ड बैठक दिनांक 19–12–2011 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

## विगत बोर्ड बैठकों का अनुपालन–

वर्ष 2008 में सम्पन्न प्राधिकरण की 81 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 2 व 82 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 8, वर्ष 2009 में सम्पन्न प्राधिकरण की 89 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 7, वर्ष 2010 में सम्पन्न प्राधिकरण की 92 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 5 व 93 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 9 व 13 तथा अनुपूरक मद सं0 4 एवं वर्ष 2011 में सम्पन्न प्राधिकरण की 94 वीं बोर्ड बैठक के मद सं0 6 के निर्णय का पूरी तरह अनुपालन नहीं किया गया है। यह स्थिति उचित नहीं है। बताया गया कि अनुपालन आख्या अपूर्ण है, अतः चर्चा नहीं हुई। मा0 बोर्ड द्वारा निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय का अनुपालन अधिकतम 2 बैठकों के अन्तराल में कर लिया जाये।

प्राधिकरण की 97वीं बोर्ड बैठक दिनांक 25—04—2012 में प्रस्तुत प्रस्ताव—

मद संख्या : 1

वित्तीय वर्ष 2011—12 का वास्तविक बजट एवं वित्तीय वर्ष 2012—13 का प्रस्तावित बजट प्रस्ताव।

मा0 बोर्ड के समक्ष वित्तीय वर्ष 2011—12 का वास्तविक बजट एवं वित्तीय वर्ष 2012—13 का प्रस्तावित बजट निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया:—

मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।
आय व्ययक एक दृष्टि में

(लाख रूपये में)

| विवरण | वास्तविक | वास्तविक | प्रस्तावित | वास्तविक | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2011-12 | 2012-13 |
| प्रारम्भिक अवशेष | 16953.24 | 9528.07 | 13462.09 | 13462.09 | 8837.81 |
| राजस्व प्राप्तियाँ | 5770.25 | 7773.42 | 8295.00 | 9419.88 | 9780.00 |
| पूंजीगत प्राप्तियाँ | 23775.43 | 25131.76 | 55253.00 | 46336.97 | 30614.00 |
| प्राप्तियों का योग | 29545.68 | 32905.18 | 63548.00 | 55756.85 | 40394.00 |
| कुल योग (प्रारम्भिक अवशेष को छोड़कर) | 46498.92 | 42433.25 | 77010.09 | 69218.94 | 49231.81 |
| | | | | | |
| राजस्व व्यय | 1789.50 | 2059.65 | 2309.50 | 2351.90 | 3248.00 |
| पूंजीगत व्यय | 35181.35 | 26911.51 | 61200.00 | 58029.23 | 36173.94 |
| व्यय का योग | 36970.85 | 28971.16 | 63509.50 | 60381.13 | 39421.94 |
| अन्तिम अवशेष | 9528.07 | 13462.09 | 13500.59 | 8837.81 | 9809.87 |

मा0 बोर्ड द्वारा बजट पर गहन चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2012–13 हेतु प्रस्तावित पूंजीगत प्राप्तियों में आय 306.14 करोड़ से बढ़ाकर 350.00 करोड किये जाने के निर्देश के साथ वित्तीय वर्ष 2011–12 का वास्तविक एवं वित्तीय वर्ष 2012–13 का प्रस्तावित बजट सहर्ष अनुमोदित किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि अगले 6 माह में बजट का आंकलन कर लिया जाये और संशोधित बजट प्रस्तुत किया जाये।

पूंजीगत व्यय की चर्चा के दौरान प्राधिकरण की विकसित कालोनियों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। यह अवगत कराया गया कि पल्लवपुरम फेस–2, श्रद्धापुरी फेस–1 व गंगानगर का नगर निगम के साथ एक माह पूर्व संयुक्त निरीक्षण हो गया है। यह अपेक्षा की गयी कि एक सप्ताह में संयुक्त निरीक्षण आख्या प्राप्त कर 30 जून तक हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये। उक्त योजनाओं के अतिरिक्त स्पोर्टस गुड्स काम्पलेक्स (मेजर ध्यान चन्द नगर), सैनिक विहार एवं लोहियानगर योजना के विकसित भाग को नगर निगम को हस्तान्तरण किये जाने हेतु भी नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियन्ता द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर लिया जाये।

मद सं0 2

श्री महक सिंह, पी0सी0एस0 सेवा निवृत्त को पूर्व शर्तानुसार दिनांक 01–04–12 से आगामी 6 माह तक प्राधिकरण में सलाहकार के रूप में रखे जाने हेतु प्रस्ताव।

प्रस्तुत प्रस्ताव को पूर्व की शर्तों के साथ अनुमोदित करते हुए अपेक्षा की गयी शासन को भी अवगत करा दिया जाय। माहवार लक्ष्य दिया जाय तथा उसकी समीक्षा उपाध्यक्ष/सचिव द्वारा की जाय।

अनुपूरक मद सं0 1

मेरठ विस्तारित क्षेत्र (दौराला महायोजना–2021) प्रारूप के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

माननीय बोर्ड द्वारा मेरठ विस्तारित क्षेत्र (दौराला महायोजना–2021) प्रारूप पर चर्चा की गयी तथा जन सामान्य से आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु सहमति व्यक्त की गयी। यह अपेक्षा की गयी कि आगे की

कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह में समय सारणी बना ली जाय।

अन्त में अध्यक्ष महोदय एवं बोर्ड के मा0 सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त बैठक का समापन किया गया।

(जंग बहादुर यादव)
प्रभारी सचिव,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

(तनवीर ज़फ़र अली)
उपाध्यक्ष,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

अनुमोदित।
27.4.2012
(मृत्युन्जय कुमार नारायण)
अध्यक्ष,
मेरठ विकास प्राधिकरण बोर्ड,
मेरठ।